






## प्रधानमंत्री के 12 वर्ष के कार्यकाल को लेकर 5 से 21 जून तक होंगे विविध कार्यक्रम

### आयोजन को लेकर भाजपा कार्यालय में बैठक , समिति बनाकर सौंपे दायित्व



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 जून से 21 जून तक विशेष जनसंपर्क एवं जनकल्याण अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जन.जन तक पहुंचाने के साथ उन लोगों तक भी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा, जो अब तक इससे वंचित हैं। उपरोक्त जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने ने देते हुवे बताया कि आयोजन को लेकर अलग-अलग समितियां बनाई गयी है। जिन्हे दायित्व सौपे जाकर कार्यरूप दिया गया।

उन्होने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को आत्मचिंतन करना चाहिए कि संगठन में उसकी भूमिका क्या है और वह किस स्थिति में खड़ा है। उन्होंने कहा कि बूथ एवं शक्ति केंद्र संगठन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई हैं। जब तक जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत नहीं किया जाएगा, तब तक चुनावी सफ्लता प्राप्त करना कठिन होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने.अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर संगठन विस्तार का कार्य करने का आह्वान किया। आपने आयोजन को लेकर बननाई गयी समितियों की जानकारी उपस्थित समिति सदस्यों को देते हुवे बताया कि यह समितियां निर्धारीत कार्यक्रम की रूपरेखा अपनी - अपनी टोली बनाकर भी करें। इसमें नवाचार भी किए जा सकते है। उपरोक्त विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी भी दी गई।

भाजपा जिला कार्यालय में आयोजीत बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता बलराज नावानी ने बताया कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा बनाई गयी मुख्य समिति में संयोजक बलराज नावानी, सहसंयोजक जनपद प्रतिनिधी प्रदीप पाटील, सदस्य सुनिल वाद्ये, श्रीमती आरती निलेश चौकसे एवं प्रियंका सातारकर को बनाया गया है। इसी प्रकार पांच-पांच पदाधिकारीयों की समितियां बनाई गयी है।

वही 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर बनाई समिति में जनपद अध्यक्ष सोनाली प्रदीप पाटील बुरहानुपर, कविता सुर्यवंशी, अरूण पाटील, प्रशांत पाटील, सुधा चौकसे है। 14 जुन विशेष जन संपर्क अभियान समिति संयोजक महपौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, सह संयोजक राजेश चौहान, रविन्द्र गावडे, अर्चना पाटील, अशोक पटेल प्रमुख है। 11 एवं 12 जुन को मिडिया संवाद कार्यक्रम के लिए समिति संयोजक विरेन्द्र तिवारी, सह संयोजक मुकेश कुमार पुर्वे कृष्णा शाह, आनंद यादव, आकाश चौधरी प्रमुख है। 12 सं 18 जुन तक जनकल्याण शिविर एवं मोदी सरकार की उपलब्धियों की प्रदर्शनी को लेकर समिति में जिला पंचारयत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, निलेश चौकसे, चन्द्रकिशोर भावसार, मनोज टंडन, चिंताराम पवार है। 15 से 18 जुन सभागार बैठक समिति में ईश्वर चौहान, विपुल कानुगो, प्रकाश लाड, पंकज नाटानी है। 19 -20 जुन को प्राकृतिक खेती कार्यशाला समिति में किसान मोर्चा अध्यक्ष राहुल जाधव, किशोर पाटील, किशोर शाह, श्रीमती मधु चौहान, दिनकर महाजन एवं 21 जुन अंतराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर बनाई गयी समिति में संभाजीराव सगरे, भरत रावल, विक्रमसिह चौहान, सुभाष जाधव, उमेश महेश्री, विजय दुम्बानी है। उपरोक्त सभी टोलीयां अतिशीध्र बैठक करके योजना को कार्यरूप देते हुवे इस अभियान को सफल बनाने में जुटजाने का संकलप दिया गया। उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रमुकेश कुमार पुर्वे द्वारा प्रदान की गई।

## मुख्यमंत्री से मिले सांसद पाटील, बुरहानपुर के केला किसानों की पीड़ा रखी





**आंधी-तूफान से हुए नुकसान का जल्द सर्वे कर मुआवजा वितरण की मांग, लंबित राहत राशि और मौसम आधारित फसल बीमा का मुद्दा भी उठाया**

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर बुरहानपुर जिले में हाल ही में आए आंधीए तूफ्न और बेमौसम बारिश से किसानों की फ्सलों को हुए व्यापक नुकसान की जानकारी दी। सांसद पाटील ने मुख्यमंत्री को जिले की वास्तविक स्थिति से अवगत कराते हुए प्रभावित किसानों को शीघ्र राहत उपलब्ध कराने के लिए जल्द से जल्द सर्वे कार्य पूर्ण कर मुआवजा राशि वितरित करने का आग्रह किया। सांसद ने मुख्यमंत्री को बताया कि विगत दिनों तेज आंधी.तूफ्न और खराब मौसम से जिले के अनेक गांवों में फ्सलों को भारी क्षति पहुंची है। विशेष रूप से केला उत्पादक किसानों को सबसे अधिक नुकसान हुआ है। हजारों केले के पौधे खेतों में गिर गए हैंए जिससे किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। लगभग ढाई महीने पूर्व जिले के कुछ क्षेत्रों में आए आंधी.तूफ्न से प्रभावित किसानों को अभी तक मुआवजा राशि प्राप्त नहीं हुई है। ऐसे किसानों की लंबित राहत राशि का भी शीघ्र भुगतान कराया जाएए ताकि उन्हें आर्थिक संबल मिल सके।

**मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू हो:-** सांसद पाटील ने बताया कि लगातार बदलते मौसम और प्राकृतिक आपदाओं के कारण किसानों को बार.बार नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसी परिस्थितियों में किसानों के हितों की रक्षा के लिए जिले में मौसम आधारित फ्सल बीमा योजना लागू किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस दिशा में सकारात्मक पहल करने का अनुरोध किया।

किसानों के साथ खड़ी है सरकार:-मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने सांसद पाटील की बातों को गंभीरता से सुनते हुए किसानों के हित में आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के साथ खड़ी है और सर्वे के बाद प्रभावित किसानों को जल्द मुआवजा राशि जारी की जाएगी।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आमजन की समस्याएं



**प्राप्त आवेदनों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के दिए निर्देश**

**बुरहानपुर।** जिला मुख्यालय बुरहानपुर में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने विभिन्न क्षेत्रों से आए आवेदकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर त्वरित एवं नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में ग्राम दाहिंदा निवासी श्री सूरजलाल ने अतिक्रमण संबंधी शिकायत प्रस्तुत की। कलेक्टर सिंह ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से चर्चा की तथा मामले का नियमानुसार शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई शासन और आमजन के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम है। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 86 आवेदन प्राप्त हुएए जिन पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा. निर्देश प्रदान किए गए।

## कलेक्टर ने जलावर्धन योजना अंतर्गत बसाड़ स्थित एनीकट एवं इंटेक वेल का किया निरीक्षण



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** कलेक्टर हर्ष सिंह ने मंगलवार को जलावर्धन योजना अंतर्गत निर्मित बसाड़ स्थित एनीकट एवं इंटेक वेल का निरीक्षण कर जलापूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जल स्त्रोतों की वर्तमान स्थितिए तकनीकी व्यवस्थाओं तथा जलप्रदाय प्रणाली के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

कलेक्टर सिंह ने निरीक्षण के दौरान स्काडा सिस्टमए लेवल सेंसरए रॉ वॉटर पंपए एनीकट के गेटए गेबियन वॉल एवं रॉ वॉटर राइजिंग मेन पाइपलाइन की कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जलप्रदाय व्यवस्था के संचालनए निगरानी तंत्र एवं रखरखाव संबंधी जानकारी भी प्राप्त की।

कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि पारसडोह डैम से छोड़े जाने वाले पानी की निरंतर मॉनिटरिंग की जाए तथा एनीकट एवं इंटेक वेल के जल स्तर पर प्रतिदिन नजर रखी जाए। उन्होंने कहा कि जल स्त्रोतों की नियमित निगरानी से शहर में निर्बाध एवं सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। साथ ही उन्होंने सभी तकनीकी प्रणालियों को सतत् क्रियाशील बनाए रखने तथा किसी भी संभावित समस्या के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त नगर पालिक निगम संदीप श्रीवास्तवए सहायक यंत्री प्रेम कुमार साहू, मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड से डीपीएम राहुल पवारए उपयंत्री सुरेश डोडियार एवं संविदाकार के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## खेलकूद विकास समिति बुरहानपुर का पुरस्कार वितरण समारोह



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** खेलकूद विकास समिति के 29 वे ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन सावित्री बाई फुले शा.कन्या उ.मा.विद्यालय में सम्पन्न हुआ। खेलकूद विकास समिति मण्प्रणशासन से पंजीकृत संस्था है स यह खेल एवं युवा कल्याण विभाग मेरा युवा भारत ;नेहरु युवा केंद्र से जुडी हुई है स पधारे अतिथियों का स्वागत संस्था के अमर पाटील, चंपालाल धनगर, मेहुल जैन, धनराज पाटील ,अनिल बाविस्कर ,लक्ष्मी शाह द्वारा किया गया।

खेलकूद विकास समिति के पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल खंडवा लोकसभा क्षेत्र ने अपने संबोधन में कहा की यह संस्था लगातार 29 वर्षो से छात्र व खिलाडी हीत में अच्छे कार्य रही है स उन्होंने खेलकूद विकास समिति के समस्त पदाधिकारियों की प्रशंसा करते हुए कहा की यह संस्था आगे भी ऐसे ही कार्य करती रहे । पुरस्कार वितरण समारोह में समिति के सदस्य अमित मिश्रा ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा की जब मै छोटा था तब इस शिविर में खेलने के लिए आता था। मेरी पुत्री भी इस शिविर में टेबल टेनिस खेल में प्रशिक्षण ले चुकी है स संरक्षक समर्थ चिटनिस ने कहा की यह समिति 29 वर्षो से खेल के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रही है स मै समिति के सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद देता हूँ और आशा करता हूँ की आप भविष्य में भी ऐसे पुनीत कार्य करते रहे स भरत रावल ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा की मै भी इस शिविर में व्हालीबाल सिखने आता था स इच्छादेवी ट्रस्ट इच्छापुर के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह चौहान भी अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

कार्यक्रम में समिति के ऐसे सदस्य जो शासकीय सेवा से सेवा निवृत्त या अन्य क्षेत्रो में कोई उपलब्धी या सम्मान प्राप्त किया है जिनमे समिति के सुनील गुजराती ए विजय अगनानी ए सतीश इंगले ए प्रशांत जोशी ए सुरेन्द्र मोदी ए संजय जैसवाल ए असलम तडवी ए सुरेश पवार का शाल एवं श्रीफ्ल से सम्मानित किया गया।

समिति सदस्य विवेक हकीम ने बताया की कुछ चुनिन्दा खिलाडी एवं शिविर में निशुल्क एवं निस्वार्थ सेवा दे रहे खेल प्रशिक्षको को स्वण् सुमन भरतलाल सोलंकी इंदौर की स्मृति में श्रीमती नीला विनायक पवार द्वारा ओम उमेश कोष्टा ए भावेश खेमचंद यादव ए लवेश हितेश सुगंधी ए कुण् मानवी विक्रम शाह ए अबुजर खान ए रुचिका असवार ए धनश्री अयरे ए कदीर शेख ए भाविका बारी ए मृदांक कपूर को पुरस्कृत किया गया स समिति सदस्य अमूल्य अग्रवाल ने बताया की स्व ण् ताराबाई सोहनलाल मोदी की स्मृति में प्रमोद मोदी द्वारा सतीश इंगले ,विद्या पाटिल , नरेन्द्र बनोरिया ,दीपक सुखेजा, गौरव खुराना, खेमचंद यादव ,हरीश महाजन, नयन मनीष झरने , ऋषभ शाह ,विद्यान्नद देशमुख, अर्कजा सौरभ सुगंधी, आरुष महाजन ,चंद्रकांत यादव एवं जगदीश हजारी को सम्मानित किया गया स कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह गहलोद एवं पुरस्कार वितरण का संचालन समिति के कोषाध्यक्ष दीपेश जाधव ने द्वारा किया गया। संस्था का प्रतिवेदन समिति के धनराज पाटील द्वारा प्रस्तुत किया गया अंत में आभार प्रदर्शन संस्था के अमर पाटील ने प्रस्तुतकिया।

## एक नजर में

### सेवासदन विधि महाविद्यालय के एलएलबी (ऑनर्स) षष्ठम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा



**बुरहानपुर।** देवी अहिल्या विष्वविद्यालय, इंदौर द्वारा घोषित सेवासदन विधि महाविद्यालय, बुरहानपुर के एल.एल.बी. (ऑनर्स) षष्ठम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। जिसमें छात्रा मालविका डांगीवाला ने 65.1 प्रतिषत अंक प्राप्त कर महाविद्यालय में प्रथम स्थान अर्जित किया। द्वितीय स्थान पर छात्र अमर मुरई ने 62.35 प्रतिषत अंक प्राप्त किये एवं तृतीय स्थान पर प्रगति ठाकुर ने 62.3 प्रतिषत अंक प्राप्त कर महाविद्यालय एवं बुरहानपुर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर सेवासदन षिक्षा समिति अध्यक्ष श्रीमती तारिका वीरेन्द्रसिंह ठाकुर ने छात्र/छात्राओं को उपहार एवं बुके भेंटकर सम्मान किया और कहा कि हमें गर्व है कि विधि महाविद्यालय के विद्यार्थी निरंतर उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त करते आ रहे है, इस सफ्लता का श्रेय संस्था की आधुनिक षिक्षण पद्धती सर्वसुविधायुक्त संसाधन, गुरूजनों के अध्यापन एवं विद्यार्थियों की कडी मेहनत को जाता है। समिति सचिव हसमुखलाल जरीवाला, उपाध्यक्ष एवं विधि विभाग प्रमुख सुरेषचंद्र मुंशी, विधि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मोहनलाल सोनी सहित समस्त स्टॉफ ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

### ठा . शिवकुमारसिंह मेमोरियल इंजिनियरिंग कॉलेज, बुरहानपुर में प्रवेश प्रारंभ

**बुरहानपुर।** झीरी स्थित बुरहानपुर जिले का एकमात्र महाविद्यालय् ठा. शिवकुमारसिंह मेमोरियल इंजिनियरिंग कॉलेज मे तकनिकी शिक्षा संचालनालय मध्यप्रदेश शासन द्वारा जेईई मेन एवं 12वी उत्तीर्ण के आधार पर ऐडमिशन के लिये रजिस्टेश्रन प्रक्रिया प्रारंभ। महाविद्यालय में पांच शाखाओं में तकनीकी पाठ्यक्रम संचालित हैं, इलेक्ट्रिकल इंजिनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन इंजिनियरिंग, सिविल इंजिनियरिंग, कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजिनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच है। संस्था मे उत्कृष्ट प्लेसमेंट, अनुभवी फेकल्टी और अत्याधुनिक प्रयोग शालाऐ अपलब्ध है। किसी तकनीकी महाविद्यालय की सार्थकता एवं सफ्लता विद्यार्थियो के सुरूचिपूर्ण रोजगार उपलब्ध होने से परिलक्षित होता है। इसलिए महाविद्यालय के सभी भावी इंजीनियर्स के रोजगार हेतु महाविद्यालय में एक प्लेसमेन्ट सेल बनाया गया है जिससे सभी विद्यार्थियों को अच्छे रोजगार अवसर उपलब्ध हो सके है। महाविद्यालय के भावी इंजीनियर बहुराष्ट्रीय कंपनियो तथा उत्कृष्ट औद्यौगिक प्रतिष्ठानो मे रोजगार प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित कर रहे है। इस हेतु संस्था देश के उत्कृष्ट औद्यौगिक प्रतिष्ठानो से स्वंय संपर्क कर विद्यार्थीयो के लिए रोजगार उपलब्ध करवाने हेतु प्रयासरत है। इस प्रकार महाविद्यालय के विद्यार्थीयों का सुनहरा भविष्य सुनिश्चित है। उपरोक्त जानकारी इंजिनियरिंग कॉलेज के कार्यालय अधीक्षक एवं प्राचार्य द्वारा दी गई एवं उन्होने विद्यार्थीयो से जल्द से जल्द प्रवेश प्राप्त कर अपनी सीट आरक्षीत करने को कहा।

### प्राकृतिक आपदा से प्रभावित क्षेत्रों का विधायक एवं कलेक्टर ने किया निरीक्षण, सर्वे कार्य में तेजी लाने के निर्देश



**बुरहानपुर।** जिले में हाल ही में हुई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित फ्सलों का जायजा लेने के उद्देश्य से सोमवार को विधायक अर्चना चिटनिस एवं कलेक्टर हर्ष सिंह ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर खेतों में पहुंचकर फ्सल क्षति का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम चापोराए खामनी ए धामनगांव सहित अन्य प्रभावित क्षेत्रों में किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा फ्सलों को हुए नुकसान का अवलोकन किया। इस अवसर पर विधायक अर्चना चिटनिस ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फ्सल क्षति का सर्वे कार्य पूरी पारदर्शिताए निष्पक्षता एवं त्वरित गति से संपादित किया जाएए ताकि प्रभावित किसानों को समय पर राहत उपलब्ध कराई जा सके।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित क्षेत्र के किसानों को राजस्व पुस्तक परिपत्र ;आरबीसीद्ध 6.4 के प्रावधानों के तहत सहायता राशि उपलब्ध कराने की कार्रवाई प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सर्वे कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा प्रत्येक पात्र किसान को शासन की राहत योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए।

निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधिगणए ग्रामीणजनए डिप्टी कलेक्टर श्री सृजन श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आत्म दृष्टि से ही ईश्वर को पाने के प्रयास सफल होते हैं : स्वामी योगेश्वरानंद जी



**बुरहानपुर।** पुरुषों में परम श्रेष्ठ परमेश्वर को प्राप्त करने की इच्छा तभी पूर्ण होती है जब वह आंतरिक मन से उसे खोजे ,जाने और पहचाने स ज्ञानी पुरुषों के लिए यह संभव जो लोग आंख कान और नाक का उपयोग केवल बाह्य सुखों के लिए करते हैं उन्हें ईश्वर की प्राप्ति संभव नहीं है क्योंकि वह आत्मज्ञान, आत्म चिंतन और आत्मदृष्टि से ही पाया जाता है। उपरोक्त विचार सूर्यपुत्री ताप्ती नदी के तट पर स्थित उदासीन आश्रम में पुरुषोत्तम मास में आयोजित भागवत कथा प्रवचन के 15 वे दिन अमरकंटक के श्री कल्याण सेवा आश्रम के संत शिरोमणि स्वामी योगेश्वरानंद महाराज ने व्यक्त किये स आपने कहा कि धर्म का अर्थ है जो धारण करें वही धर्म है ,पृथ्वी और धर्म दोनों ही धारण करते हैं यह उनके कर्तव्य की श्रेष्ठता है स सच्चा सुख स्वयं के लिए जीने में नहीं है , आपने कहा श्रेष्ठ मानव वही है जो कठिनाइयों में भी अपने पद से विचलित ना हो और अपने कर्तव्य पथ पर निरंतर बढ़ते रहे।

अपने महाभारत कालीन पांचो पांडवों और सुकुमारी द्रोपदी के वनवास की यात्रा के समय हुए कष्ट और वेदना का उद्दत करते हुए कहा कि यह अपने कर्तव्य पथ पर निरंतर चलते रहे । स्वामी ने कहा जो सर्वप्रथम स्वयं को जाने वही परमेश्वर को जान सकता है। स्वयं को जाने बगैर ईश्वर की प्राप्ति संभव नहीं है ,जो प्राप्त है उसे प्राप्त करने का प्रयास करें , जो आत्मा को जानता है वही परमात्मा को जान सकता है ।

## एक नजर

### भाजपा प्रशिक्षण वर्ग ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

## मटकों का पानी, तांबे के लोटे, केले के पत्तों पर भोजन और प्लास्टिक मुक्त परिसर





**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत संपन्न जिला प्रशिक्षण वर्ग केवल संगठनात्मक एवं वैचारिक प्रशिक्षण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि भारतीय संस्कृतिए पर्यावरण संरक्षण और स्वदेशी जीवनशैली का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस के मार्गदर्शन तथा भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने के नेतृत्व में आयोजित इस प्रशिक्षण वर्ग में प्रकृति संरक्षण, स्वदेशी जीवनशैली और भारतीय संस्कारों को प्रत्येक व्यवस्था में साकार रूप दिया गया।

प्रशिक्षण वर्ग परिसर को पूर्णत: प्लास्टिक मुक्त रखा गया। सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग से पूरी तरह परहेज करते हुए पर्यावरण अनुकूल व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। पेयजल के लिए मिट्टी के मटकों का उपयोग किया गया तथा जल ग्रहण करने के लिए तांबे के लोटों की व्यवस्था की गई। इससे कार्यकर्ताओं को प्राकृतिक रूप से शीतल एवं स्वास्थ्यवर्धक जल उपलब्ध कराया गया और भारतीय परंपराओं के महत्व का संदेश भी दिया गया।

प्रशिक्षण वर्ग की सबसे विशेष व्यवस्थाओं में केले के पत्तों पर परोसा गया सामूहिक भोजन रहा। भारतीय संस्कृति में केले के पत्तों पर भोजन करने की परंपरा प्रकृति के प्रति सम्मानए स्वच्छता और स्वास्थ्य से जुड़ी मानी जाती है। भोजन व्यवस्था में केले के पत्तों का उपयोग कर प्लास्टिक और अन्य कृत्रिम सामग्री के उपयोग से बचाव किया गया। वहीं भोजन ग्रहण करने के लिए लकड़ी के चम्मचों का उपयोग किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण की भावना और अधिक मजबूत हुई।

सामूहिक भोजन के दौरान सभी कार्यकर्ता एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण करते नजर आए। इससे संगठन में आत्मीयता, समानता और पारिवारिक वातावरण का भाव सुदृढ़ हुआ। वरिष्ठ और कनिष्ठ कार्यकर्ताओं के बीच सहज संवाद तथा समरसता का वातावरण प्रशिक्षण वर्ग की विशेष पहचान बना।

योजनाओं, संगठन की गौरवगाथा, पंच परिवर्तन एवं विकास योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र

प्रशिक्षण वर्ग परिसर में लगाई गई विशेष प्रदर्शनी कार्यकर्ताओं और आगंतुकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। प्रदर्शनी में भारतीय जनता पार्टी की वैचारिक यात्राए संगठन के विस्तारए सेवा कार्योंए राष्ट्र निर्माण में योगदान तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया। विभिन्न प्रदर्शों के माध्यम से संगठन की गौरवगाथाए अंत्योदय के सिद्धांत तथा विकसित भारत के संकल्प को रेखांकित किया गया। प्रदर्शनी में भाजपा के पंच परिवर्तन अभियान को भी प्रमुखता से स्थान दिया गया। सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवनशैली, नागरिक कर्तव्य बोध और परिवार प्रबोधन जैसे विषयों पर आधारित संदेशों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को समाज जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही प्रदर्शनी में जल संरक्षण, मिट्टी संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली पर आधारित प्रेरक संदेश भी प्रदर्शित किए गए। वर्षा जल संचयन, भूजल संरक्षण, वृक्षारोपण, जैविक खेती और पर्यावरण संतुलन जैसे विषयों को प्रमुखता से स्थान दिया गया। कार्यकर्ताओं को बताया गया कि जल और मिट्टी का संरक्षण केवल पर्यावरण का विषय नहींए बल्कि भविष्य की पीढ़ियों की सुरक्षा का आधार है। प्रदर्शनी में केंद्र सरकार और मध्यप्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसान हितैषी कार्यक्रमोंए अधोसंरचना विकासए आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के संकल्प की दिशा में हुए कार्यों की जानकारी भी आकर्षक ढंग से प्रस्तुत की गई।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में स्वच्छताए जल संरक्षण और सिंगल यूज़ प्लास्टिक मुक्त भारत का अभियान चलाया जा रहा है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता इस संकल्प को जन.जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि बुरहानपुर जिले में भी प्लास्टिक मुक्त समाज, जल संरक्षण, स्वच्छता एवं पर्यावरण संवर्धन को लेकर लगातार अभियान संचालित किए जा रहे हैं। शाहपुर नगर परिषद को प्लास्टिक मुक्त नगर बनाने की दिशा में हुए प्रयास इसी संकल्प की सफलता के उदाहरण हैं।

भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग में अपनाई गई व्यवस्थाएं केवल आयोजन का हिस्सा नहीं थींए बल्कि पर्यावरण संरक्षण का व्यवहारिक प्रशिक्षण थीं। संगठन का उद्देश्य ऐसे कार्यकर्ताओं का निर्माण करना है जो समाज में स्वच्छता, जल संरक्षण, प्रकृति संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली के संदेशवाहक बनें।

यह प्रशिक्षण वर्ग इस बात का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा कि जब संगठनात्मक प्रशिक्षण के साथ भारतीय संस्कृति, पर्यावरण संरक्षणए पंच परिवर्तन और सामाजिक उत्तरदायित्व का समन्वय होता हैए तब वह समाज के लिए प्रेरणा का केंद्र बन जाता है। मटकों का पानी, तांबे के लोटे, केले के पत्तों पर भोजन, लकड़ी के चम्मच और विकास योजनाओं एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित प्रदर्शनी ने इस प्रशिक्षण वर्ग को एक विशिष्ट पहचान प्रदान की तथा प्रकृति संरक्षण और राष्ट्र निर्माण का सशक्त संदेश जन.जन तक पहुंचाया।